प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

31 अगस्त 2021

बैंक ऋण का क्षेत्र-वार विनियोजन – जुलाई 2021

चुनिंदा 33 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से जुटाए गए बैंक ऋण के क्षेत्र-वार विनियोजन संबंधी आंकड़ें विवरण I और II में दिए गए हैं, जो जुलाई 2021 माह हेतु सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा विनियोजित कुल खाद्येतर ऋण का लगभग 90 प्रतिशत होता है।

वर्ष-दर-वर्ष (व-द-व) आधार पर, खाद्येतर बैंक ऋण[1] वृद्धि जुलाई 2020 में 6.4 प्रतिशत की तुलना में जुलाई 2021 में 6.2 प्रतिशत रही।

बैंक ऋण के क्षेत्र-वार विनियोजन की मुख्य विशेषताएं नीचे दी गई हैं :

- कृषि और संबद्ध कार्यकलापों को प्रदत्त ऋण में अच्छा प्रदर्शन जारी रहा, जिसमें जुलाई 2020 में 5.4 प्रतिशत की तुलना में जुलाई 2021 में 12.4 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की गई है।
- उद्योग क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में वृद्धि जुलाई 2021 में कम अर्थात 1.0 प्रतिशत थी जबकि यह जुलाई 2020 में 0.9 प्रतिशत थी। आकार के अनुसार, जुलाई 2021 में मध्यम उद्योगों को प्रदत्त ऋण में 71.6 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि दर्ज की गई जबकि एक साल पहले उसमें 1.8 प्रतिशत की कमी आई थी। सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को प्रदत्त ऋण में वृद्धि जुलाई 2021 में बढ़कर 7.9 प्रतिशत हो गई जिसमें एक साल पहले 1.8 प्रतिशत की कमी आई थी, जबकि बड़े उद्योगों को प्रदत्त ऋण में जुलाई 2021 में 2.9 प्रतिशत की कमी आई जिसमें एक साल पहले 1.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।
- उद्योग के भीतर, 'सभी इंजीनियरिंग', 'पेय पदार्थ और तंबाकू', 'रसायन और रासायनिक उत्पादों', 'रत्न और आभूषण', 'इन्फ्रास्ट्रक्चर', 'कागज और कागज के उत्पादों', 'पेट्रोलियम कोयला उत्पादों और परमाणु ईंधन', 'रबड़, प्लास्टिक और उसके उत्पादों' और 'कपड़ा' हेतु प्रदत्त ऋण में वृद्धि जुलाई 2021 में गत वर्ष के इसी माह की तुलना में तेज हुई है। हालांकि, 'मूल धातु और धातु उत्पादों', 'सीमेंट और सीमेंट उत्पादों', 'निर्माण', 'खाद्य प्रसंस्करण', 'कांच और कांच के बने पदार्थ', 'चमड़ा और चमड़े के उत्पादों', 'खनन और उत्खनन', 'वाहन, वाहन के पुर्जों और परिवहन उपकरण' तथा 'लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों' की ऋण वृद्धि में गिरावट/कमी आई है।
- सेवा क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में वृद्धि जुलाई 2020 में 12.2 प्रतिशत से जुलाई 2021 में घटकर 2.7 प्रतिशत रह गई, जो मुख्य रूप से 'एनबीएफ़सी' और 'वाणिज्यिक स्थावर संपदा' हेतु प्रदत्त ऋण में गिरावट आने की वजह से है।

---

[1] खाद्येतर ऋण के आंकड़ें धारा – 42 विवरणी पर आधारित हैं, जिसमें सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) शामिल हैं।

- व्यक्तिगत ऋणों में एक साल पहले के 9.0 प्रतिशत की तुलना में जुलाई 2021 में 11.2 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की गई, जो प्रमुख रूप से 'स्वर्ण आभूषण के बदले में प्रदत्त ऋणों' एवं 'वाहन ऋणों' में उच्च वृद्धि होने की वजह से है।

अजीत प्रसाद
निदेशक

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/784